### एक नजर में

## पुलिस के सैनिक सम्मेलन में किया संवाद

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन डॉ. हिमानी खन्ना एवं डीआईजी छतरपुर रेंज विजय खत्री के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में पुलिस लाइन परिसर में जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सैनिक सम्मेलन गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया।**

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पुलिस बल से केवल औपचारिक संवाद ही नहीं किया, बल्कि एक परिवार की तरह उनके बीच बैठकर उनकी व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं विभागीय समस्याओं को गंभीरता से सुना। आईजी, डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्याओं के त्वरित एवं व्यावहारिक निराकरण हेतु मौके पर ही निर्देश दिए गए, जिससे पुलिस कर्मियों में विश्वास, सुरक्षा और सम्मान की भावना और अधिक प्रबल हुई। सम्मेलन के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने पूरे आयोजन को भावनात्मक ऊंचाई प्रदान की। पुलिस कर्मियों द्वारा प्रस्तुत मधुर गायन ने यह सिद्ध कर दिया कि वर्दी के भीतर भी संवेदनाओं, कला और रचनात्मकता का एक जीवंत संसार बसता है। कार्यक्रम का सबसे भावुक एवं अविस्मरणीय क्षण तब आया, जब पुलिस अधीक्षक स्वयं मंच पर आए और अपनी गायन प्रस्तुति दी।

# खनन माफियाओं ने किया खनिज टीम पर हमला

**खनिज अधिकारी की कोतवाली में लिखित शिकायत**

**पांच आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज**





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शुक्रवार की दोपहर के समय खजिन विभाग के अधिकारी अपनी टीम के साथ कुण्डेश्वर मार्ग पर स्थित मिनौरा में अवैध खनन की सूचना पर कार्यवाही करने पहुंचे। इसी दौरान इस टीम पर खनन माफियाओं ने हमला बोल दिया। खनिज अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने पांच नाम दर्ज पर एफआईआर करके मामले को विवेचना में ले लिया है। वहीं खनिज विभाग की टीम पर ग्रामीणों से मारपीट के आरोप भी सामने आए हैं। हालांकि पुलिस ने खनिज अधिकारी की शिकायत पर एफआईआर की, तो वहीं ग्रामीणों की शिकायत को जांच में ले लिया है।**

जानकारी के मुताबिक खनिज अधिकारी विपुल रावत एवं खनिज इंस्पेक्टर कुलदीप जैन अपनी खनिज टीम के साथ अवैध मुरम एवं रेत माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्यवाही को अंजाम दे रहे हैं। इसी तारतम्य में भी मिनौरा क्षेत्र में टीम कार्यवाही करने पहुंची थी। कार्यवाही के दौरान पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्राली को छुड़वाने के लिए आरोपियों ने दबाव बनाया जब अधिकारी नहीं माने तो उन्होंने मारपीट की। खनिज अधिकारी विपुल रावत ने कहा है कि पूरे घटनाक्रम का वीडियो उनके पास सुरक्षित है।

हालांकि मिनौरा निवासी आरोपी चंदू आदिवासी ने आरोप लगाया है कि खजिन अधिकारी एवं इंस्पेक्टर ने उसके साथ मारपीट की है। उसने बताया कि इसी कारण उसके सिर में चोट आई। दोपहर से लेकर देर शाम तक पुलिस मामले की तहकीकात में लगी रही। हालांकि देर शाम पुलिस ने खनिज अधिकारी विपुल रावत की शिकायत पर आरोपी अरविन्द राय, रवि राय, नीरज सिंह, जितेन्द्र राय निवासी कुण्डेश्वर सहित चंदू आदिवासी मिनौरा के खिलाफ धारा 296, 126(2), 132, 121(1), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। वहीं थाना प्रभारी बृजेन्द्र घोष ने कहा है कि फरियादी विपुल रावत की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई, तो वहीं दूसरे पक्ष से आवेदन लेकर उसे जांच में लिया गया है। उन्होंने कहा है कि जांच में जो भी बिन्दु सामने आएंगे उसके अनुसार आगे की कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा।

हालांकि यहां पूरे मामले में यह बात देखने को मिली कि अगर खनिज अधिकारी विपुल रावत एवं इंस्पेक्टर कुलदीप जैन समझदारी न दिखाते तो कोई बड़ी घटना घटित हो सकती थी। क्योंकि खनन माफियाओं ने खनिज विभाग के कर्मचारी से ट्रेक्टर-ट्राली छीन उससे मारपीट शुरू कर दी थी। यहां अपने साथी को देख विपुल रावत एवं कुलदीप जैन से रहा नहीं गया और उन्होंने खुद की जान को जोखिम में डालकर उसे बचाने का प्रयास किया और वह सफल हुए। पुलिस के अनुसार पूरे मामले को उन्होंने गंभीरता से लेते हुए आरोपियों पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### कर्मचारी को बचाने पीछे के ओर दौड़ाया वाहन

एक वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि खनन माफियाओं ने खनिज विभाग के एक कर्मचारी को पकड़ लिया है और उससे मारपीट कर रहे हैं। इसी बचाने के लिए खनिज टीम भागने की जगह अपने वाहन को पीछे की ओर दौड़ाती है और खनिज अधिकारी विपुल रावत चिल्लाते सुनाई पड़ते हैं, तो वहीं खनिज इंस्पेक्टर कुलदीप जैन बिना कुछ सोचे-समझे वाहन से कूंदकर अपने कर्मचारी की सुरक्षा के लिए पहुंच जाते हैं। इसे देख खनिज माफिया कुलदीप जैन को घेरकर ट्रैक्टर-ट्राली छुड़ाने की पूरी कोशिश करते हुए उन पर दबाव बनाते दिखाई देते हैं।

### ट्रैक्टर-ट्राली छुड़ाकर भाग रहे थे माफिया

जानकारी में बताया गया है कि खनन माफिया पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्राली को छुड़ाकर भागना चाह रहे थे। खनिज टीम ने इसी को बचाने के लिए जब उनसे आग्रह किया तो उन्होंने गाली-गलौच करते हुए वाहन को छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन खनिज टीम के अधिकारी विवाद होने के बाद भी उसे जब्त कर चुके थे। खनिज अधिकारी विपुल रावत एवं इंस्पेक्टर सहित अन्य कर्मचारियों के साथ भी मारपीट की गई। जारी वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपी खनिज टीम के साथ डंडों से हमला करने की फिराक में हैं।

## वन विभाग ने चलाई अतिक्रमण हटाने की मुहिम




**नवभारत न्यूज, जतारा। वन सुरक्षा का कार्य कर रहे वन परिक्षेत्र जतारा के कर्मचारी और रेंजर आए दिन सुर्खियों में बने रहते हैं जिसके तहत एक बार फिर से वन भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध बेदखली की कार्यवाही के लिए वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार का बुल्डोजर जंगल में गर्जा है।**

वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार को सूचना प्राप्त हुई कि शाहपुर गांव के जंगल अंतर्गत बीट सतगुवां के पुराने कक्ष क्रमांक पी 247 बी एवं नए कक्ष क्रमांक पी 578 की वन भूमि जिस पर वर्षों पुराना अतिक्रमण व्याप्त है उस पर खेती और घर मकान बनाने के प्रयोजन को लेकर अवैध रूप से ईंट निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसकी सत्यता की जांच और कार्यवाही के लिए वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार ने मौके से वन परिक्षेत्र जतारा के संपूर्ण वन अमले को जेसीबी मशीनों के साथ भेजा गया तो पाया कि शाहपुर गांव के जंगल में बीट सतगुआं के पुराने कक्ष क्रमांक पी 247 बी एवं नए कक्ष क्रमांक पी 578 में बछोड़ा गांव के कुछ लोग संगठित होकर विगत दो दिन से बाहर के 40-50 मजदूर लगाकर ईंट निर्माण कार्य कर रहे हैं जिनके द्वारा लगभग 50 हजार से भी अधिक कच्ची ईंट मौके पर बनाकर रखी हुई थीं को जेसीबी की मदद से जमीजोंद और नष्ट करते हुए लगभग 10-12 हेक्टेयर वन क्षेत्र को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराकर सुरक्षित कराया गया और नामजद वन अपराध प्रकरण क्रमांक 268/14 पंजीबद्ध करते हुए अग्रिम विवेचना में लिया गया।

कार्यवाही वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में की गई जिसमे वन परिक्षेत्र जतारा का संपूर्ण महिला एवं पुरुष वन अमला शामिल रहा।

## मौसम खुलने से किसानों की फसलों को होगा फायदा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पिछले 24 घंटे से मौसम साफ है। शुक्रवार को सुबह से खिलकर धूप निकली है। मौसम में आए बदलाव से अधिकतम तापमान बढ़ने लगा है। बुधवार को अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री था, जो गुरुवार को बढ़कर 24 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम खुलने से फसलों को फायदा होगा।**

जबकि रात का तापमान 12 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों तक अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि होगी। आसमान साफ रहने और धूप निकलने से अधिकतम तापमान बढ़कर 28 से 29 डिग्री तक पहुंच जाएगा। वहीं, रात का तापमान 11 से 13 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को ठंड से राहत मिली है। दिन में धूप निकलने से जनजीवन सामान्य हो रहा है।जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर विकास जैन ने बताया कि फरवरी में दिन में तेज धूप निकलने पर लोग अक्सर गर्म कपड़े पहनने में लापरवाही करते हैं।

## अर्पण कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से जल संवाद

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री के मार्गदर्शन में समर्रा में जल अर्पण कार्यक्रम मनाया गया। जल अर्पण कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ ग्राम में रैली निकाली गयी। रैली के बाद ग्राम पंचायत भवन में ग्रामीणों और बच्चों के साथ जल अर्पण कार्यक्रम के तहत जल संबाद कार्यक्रम किया गया।**

जिसमें जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल जल पहुँच रहा है जिसके महत्व के बारे मे बातचीत की गयी एवं जल बचाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र लोधी, शिक्षक लाला राम गौड़, हरि किशन राजपूत, अरविंद साहू, हरिया सौर, पर्वत लोधी, दसरथ कुशवा, शिक्षिका चमेली श्रीवास्तव, ग्रामवासी एवं बच्चे उपस्थित रहे।

लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग से राकेश मिश्रा, शुभम गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री के मार्गदर्शन में समर्रा में जल अर्पण कार्यक्रम मनाया गया। जल अर्पण कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ ग्राम में रैली निकाली गयी। रैली के बाद ग्राम पंचायत भवन में ग्रामीणों जल अर्पण कार्यक्रम के तहत जल संबाद कार्यक्रम किया गया।

## हंगामेदार रही कुंडेश्वर ट्रस्ट की साधारण सभा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रसिद्ध शिव धाम कुंडेश्वर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर ट्रस्ट की साधारण सभा की बैठक हंगामेदार रही। बैठक की शुरुआत में ही विवाद हो गया, जिसके बाद ट्रस्ट के अध्यक्ष और सचिव बैठक छोड़कर बाहर चले गए। बाद में एसडीएम और तहसीलदार के पहुंचने पर वे वापस लौटे और महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों पर चर्चा हुई।**

बैठक की शुरुआत में ही ट्रस्ट के सदस्य वरिष्ठ सदस्य से अध्यक्षता कराने की मांग पर अड़े थे। वहीं, सचिव राजेंद्र मिश्रा और पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर दीक्षित ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर की अध्यक्षता में बैठक कराने पर जोर दे रहे थे।

इस बात को लेकर काफी देर तक हंगामा चलता रहा। सदस्यों के विरोध के चलते ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर और सचिव राजेंद्र मिश्रा बैठक छोड़कर बाहर निकल गए। इस दौरान हॉल में मौजूद सदस्य और अन्य लोग बैठक शुरू करने पर चर्चा कर रहे थे, तभी एसडीएम संस्कृति लिटोरिया और तहसीलदार सत्येंद्र गुर्जर मौके पर पहुंच गए।

## 15 को होगा एकाग्र महादेव महोत्सव

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। संस्कृति विभाग, मप्र शासन द्वारा स्थित कुण्डेश्वर धाम मंदिर परिसर में शिव-सत्य की कला अभिव्यक्तियों पर एकाग्र महादेव महोत्सव का आयोजन 15 फरवरी,को सायं 6.30 बजे से किया जाएगा। समारोह में सती लीला, लोक गायन एवं भक्ति गायन की प्रस्तुतियाँ संयोजित की जाएंगी। शिवभक्ति, लोक परम्परा और शास्त्रीयदृसुगम कलाओं के सुरम्य संगम के रूप में श्रद्धा और भक्ति की एक अनुपम संध्या रचेगा।**

संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से यह आयोजन किया जाएगा। महोत्सव की शुरुआत लोक सुरों की मधुर धारा में सागर की सुश्री साक्षी पटेरिया अपने लोक गायन से मंदिर की पावन धरा पर सांस्कृतिक चेतना का दीप प्रज्वलित करेंगी।

## छात्र ने राष्ट्रीय मंच पर कराई सफलता हासिल



**नवभारत न्यूज पलेरा। सांदीपनि विद्यालय पलेरा में अध्ययनरत नीरेंद्र अहिरवार कक्षा 12 वी ने फिर एक बार साबित कर दिया कि यदि हौसले बुलंद हो तो राष्ट्रीय मंच पर सफलता हासिल की जा सकती है। शासकीय सांदीपनि विद्यालय पलेरा के प्राचार्य महेश कुमार रावत के निर्देशन एवं खेल शिक्षक शैलेन्द्र सिंह राय की बेहतरीन कोचिंग के कारण हर वर्ष विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं राष्ट्रीय, राज्य, संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में सफलता की ऊंचाइयों को छू रहे है। पिछले वर्ष भी मिनी टीम की दो छात्राओं सिमरन बानो तथा कु.आफरीन बानो निवासी पलेरा का चयन राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता संभाजीनगर के लिया किया गया था।**

इस वर्ष छात्र नीरेंद्र अहिरवार ने 30 जनवरी से 02 फरवरी तक आयोजित 69 वी राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता नागपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश की टीम से खोलते हुए जीत हासिल की है। नीरेंद्र अहिरवार की इस उपलब्धि ने न केवल तहसील पलेरा बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। नीरेंद्र जब जीतकर अपने क्षेत्र पलेरा आए तो पलेरा के लोगो ने उनका स्वागत किया। और पलेरा से लेकर उनके गांव कछौरा तक धूम धाम से रैली निकाली गई। साथ ही जब नीरेंद्र अहिरवार अपने विद्यालय पहुंचे तो प्राचार्य महेश कुमार रावत जी एवं संस्था क्रीड़ा प्रभारी एवं सॉफ्टबॉल कैच शैलेन्द्र सिंह राय ने मेडल पहनाकर एवं शील्ड देकर उसका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर सहायक संचालक शिक्षा अधिकारी पलेरा सुश्री अक्षिता शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरके जैन,कन्या प्राचार्य पीएलद अहिरवार, मॉडल प्राचार्य कौशल किशोर राजपूत, विकासखंड योग प्रभारी रामसिंह राजपूत, रमेश पाल,राम नरेश घोष,राघवेंद्र सिंह को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## वृंदावन तालाब से जोड़ने वाली बंडा नहर का कार्य शुरू

**लोगों को अब जल्द मिलेगी समस्या से निजात**

**कई माह से स्थानीय निवासियों को हो रही थी परेशानी**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। महेंद्र सागर तालाब को वृंदावन तालाब से जोड़ने वाली बंडा नहर का जीर्णोद्धार कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। इस परियोजना पर 80 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। हालांकि, काम शुरू होते ही एक नई समस्या सामने आई है।**

नहर के किनारे बने मकानों के निवासी अपने घरों से निकलने वाली सीवर लाइनों को सीधे नहर में जोड़ रहे हैं। इससे नहर का पानी दूषित होने और उसके गंदे नाले में तब्दील होने की आशंका बढ़ गई है। नगर पालिका ने पहले नहर की सफाई, पक्का निर्माण, फुटपाथ, लाइटिंग और सौंदर्यीकरण का आश्वासन दिया था। इसके लिए स्थानीय लोगों ने अपने अतिक्रमण भी हटा लिए थे, लेकिन महीनों तक काम शुरू नहीं हुआ था।स्थानीय निवासियों को नहर खुली रहने के कारण आवागमन में परेशानी हो रही थी। सरिता झा ने बताया कि उनके घर के सामने नहर खुली होने से उन्होंने अस्थायी पुल बनाने के लिए लोहे के गाटर और लकड़ी के पटिए लगाए हैं, जिसके लिए उन्हें किराया देना पड़ रहा है। मोहल्ले के लगभग 25 से 30 परिवार इस समस्या से जूझ रहे थे। लोगों की दिक्कतों को देखते हुए नगर पालिका ने परिषद की बैठक में नहर की मरम्मत का प्रस्ताव रखा, जिसे पास होने के बाद अब निर्माण कार्य शुरू किया गया है। लेकिन, सीवर लाइनों का नहर में जोड़ा जाना एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। इस मामले में नगर पालिका सीएमओ का कहना है कि करीब 80 लाख रुपए की लागत से नहर की रिपेयरिंग और पक्का निर्माण कराया जा रहा है। पुरानी टिहरी से लेकर मऊ चुंगी रोड पर ज्यादातर लोगों के घरों से निकलने वाले गंदे पानी के पाइप नहर में छोड़े गए हैं। इसके लिए अलग से नाली बनाए जाने के संबंध में इंजीनियर से बात की जाएगी।

### 80 लाख की लागत से हो रहा निर्माण

नपा सीएमओ का कहना है कि करीब 80 लाख रुपए की लागत से नहर की रिपेयरिंग और पक्का निर्माण कराया जा रहा है। पुरानी टेहरी से लेकर मऊ चुंगी रोड पर ज्यादातर लोगों के घरों से निकलने वाले गंदे पानी के पाइप नहर में छोड़े गए हैं।

**बैठक** — वित्तीय लक्ष्यों के विरुद्ध प्रगति पर वार्तालाप

# कलेक्टर की अध्यक्षता में कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि से संबंद्ध विभागों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सर्वप्रथम कृषि विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं जैसे परम्परागत कृषि विकास योजना, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन, राष्ट्रीय मिशन ऑन इडीबल आयल, स्वाइल हेल्थ कार्ड योजना, मिलेट मिशन, आत्मा योजना, कृषि सिंचाई यंत्र, कृषि अभियांत्रिकी से संबंधित योजना जैसे- कस्टम हायरिंग, कृषि यंत्र वित्तरण आदि के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों के विरूद्ध प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई।**

कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने विभाग की परम्परागत कृषि विकास योजना एवं नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग में कार्य कर रही निजी संस्था पंतजली, सिहोरा पॉटरी एंड मिलिट कृषि प्रोडूसर कम्पनी जबलपुर को उनके चयनित किसानों से संबंधित गतिविधियों पंजीयन, प्रशिक्षण, प्रमाणीकरण हेतु निरंतर बैठक आयोजन एवं क्षेत्रीय भ्रमण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में बीज उत्पादक निजी, सहकारी संस्थाओं द्वारा गुणवत्तायुक्त बीज का उत्पादन किया जाये तथा अमानक या निग्न गुणवत्ता युक्त बीज का उत्पादन करने पर बीज अधिनियम 1966 एवं अन्य प्रावधानों के तहत संबंधित संस्था के विरुद्ध एफ आईआर जैसी कठोर कार्यवाही की जाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने निर्देशित किया कि योजना में चयनित कृषकों को राज्य के बाहर एवं राज्य के अंदर कृषि में नवाचार एवं नवीन तकनीकों का मेला एवं विशेष प्रदर्शनी के माध्यम से भ्रमण कराया जाये। जिले में संचालित एफपीओ की गतिविधियों की सतत निगरानी की जाये। तत्पश्चात कलेक्टर श्री श्रोत्रिय द्वारा पशुपालन विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई, जिसमें कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से पशुधन में नस्ल सुधार को बढ़ावा देना, चारा विकास योजना अंतर्गत योजना के दिशा-निर्देशों के तहत पात्र हितग्राही का चयन कर जिले में चारा विकास को बढ़ावा दिया जाये, जिससे दुधारू नस्ल के पशुओं को सतत रूप से सायलेज,हरा-चारा उपलब्ध हो सके। बैठक के दौरान कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं के विभिन्न घटकों जैसे बीज, आईएनएम, आईपीएम, कृषि सिंचाई यंत्र आदि में प्रगति अल्प अथवा निरंक होने पर कलेक्टर द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई।

### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अंजली शर्मा, उप संचालक कृषि मनोज कश्यप, उप संचालक पशुपालन, उपायुक्त सहकारिता, जिला प्रबंधक नाबार्ड, सहायक संचालक उद्यानिकी व मत्स्य विभाग, एवं अन्य विभागीय अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ओबीसी महासभा ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नवभारत न्यूज, पलेरा। ओबीसी महासभा ने नारेबाजी करते हुए ज्ञापन देकर अपनी मांगें पूरी करने की मांग की है। मांगें पूरी नहीं होने पर उन्होनें आंदोलन की चेतावनी दी है।**

ग्राम पंचायत आलमपुरा के मुख्य मार्ग से परा पंचायत तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत शीघ्र स्वीकृत की जाए ग्रामीण राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है तुरंत संज्ञान में लेकर मांग अनुसार उचित कार्रवाई करने की मांग की है। 15 कार्य दिवस के अंदर सड़क स्वीकृत नहीं होती है तो उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष उत्तम नापित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आयुष पद्धति का प्रचार-प्रसार करने पर जोर




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आयुष पद्धति का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता लाने के लिए संचालनालय आयुष भोपाल मध्य प्रदेश एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में तथा जिला आयुष अधिकारी टीकमगढ़, निवाड़ी डॉ.विनोद कुमार के मार्गदर्शन में आज शासकीय आयुर्वेद औषधालय मुहारा के द्वारा ग्राम शाहपुर में नि:शुल्क आयुष शिविर लगाया गया।**

शिविर में डॉ हर्ष पस्तोर द्वारा 61 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं नि:शुल्क औषधि प्रदान की गई।

इस शिविर में स्त्रीरोग, वातरोग, उदर रोग, चर्म रोग, कास रोग, अर्शरोग आदि रोगों की औषधियों को वितरित किया गया। साथ ही बीपी. की जांच की। आहार बिहार और शीत ऋतु में होने वाले रोगों के बचाव के उपाय बताए एवं कुपोषण को दूर करने में जागरूकता प्रदान की गई। शिविर में डॉ हर्ष पस्तोर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, राजेश साहू कम्पाउण्डर एवं दवासाज राजेंद्र राय उपस्थित रहे।